भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 824
27/07/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

उन्नत समुद्री जीव विज्ञान स्टेशन स्थापित करने में विलंब

824 डा. सांतनु सेन:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को उच्च-शक्ति वाले कंप्यूटिंग उपकरणों की खरीद, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के भवन के निर्माण और उन्नत समुद्री जीव विज्ञान स्टेशन की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण में किसी विलंब का सामना करना पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस विलंब के परिणामस्वरूप मंत्रालय की लागत में कोई वृद्धि अथवा संसाधनों की हानि हुई है; और

(घ) क्या सरकार ने इस प्रकार के विलंब को कम करने की प्रक्रिया में तेजी लाने या इनका समाधान करने और इनकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कोई कदम उठाए हैं अथवा कार्रवाई की है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) एवं (ख) जी हां। निम्नलिखित कारणों से हाई-परफॉरमेंस कम्प्यूटिंग (HPC) डिवाइसेज की अधिप्राप्ति, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) के भवन के निर्माण, तथा एडवांस्ड मैरीन बायोलॉजी स्टेशन (AMBS) के लिए भूमि अधिग्रहण की शेड्यूल्ड प्लानिंग में विलंब हआ है।

HPC डिवाइसेज के क्रय आदेश में इसलिए विलंब हुआ क्योंकि निधि प्राप्त करने की प्रक्रिया में समय लग गया क्योंकि मंत्रालय ने HPC डिवाइसेज की अधिप्राप्ति के लिए आवश्यक बजट निर्धारित करने हेतु वित्त मंत्रालय के अनुमोदन के लिए सार्वजनिक निवेश बोर्ड (PIB) वाले तरीके का प्रयोग किया। NCS भवन के लिए एक उपयुक्त लोकेशन की पहचान कर ली गई है, और भवन निर्माण हेतु वैधानिक निकायों से अनुमोदन लिये जा रहे हैं। इसी प्रकार, ABMS के लिए गोवा में भूमि-अधिग्रहण में कुछ कठिनाईयां आई थीं, क्योंकि पहचाना गया स्थान कोस्टल रेगुलेशन जोन (CRZ) में था, और अब AMBS की स्थापना करने के लिए तमिलनाडु में एक वैकल्पिक स्थान की पहचान की जा रही है।

(ग) और (घ) HPC डिवाइसेज के मामले में लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। तथापि, NCS भवन निर्माण की लागत में वृद्धि होगी, क्योंकि इस भवन में नेशनल जियोक्रोनोलॉजिकल फैसिलिटी, राष्ट्रीय मध्य अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (NCMRWF) हेतु HPC केंद्र, प्रादेशिक मौसम केंद्र (RMC) की स्थापना, जिसे अभी भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) मुख्यालय में संचालित किया जा रहा है, भी शामिल होंगे। अभी AMBS के लिए कोई लागत वृद्धि नहीं है, क्योंकि प्रस्ताव को अभी तक आरंभ नहीं किया गया है।

इन तीनों गतिविधियों का समयोचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ और प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है।

*****